NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 223 लखनऊ, गुरूवार 28 मार्च 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## सीएम केजरिवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, ईडी से 2 अप्रैल तक जवाब मांगा




एजेंसी।

दिल्ली केजरीवाल की तरफ से गिरफ्तारी और उसके बाद ईडी को रिमांड को अवैध बताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 3 अप्रैल को अगली सुनवाई की तारीख तय कर दी है। अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई से राहत नहीं मिली है। हाई कोर्ट ने ईडी से 2 अप्रैल तक जवाब मांगा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के बाद अपना फैसला दिया। केजरीवाल की तरफ से गिरफ्तारी और उसके बाद ईडी को रिमांड को अवैध बताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 3 अप्रैल को अगली सुनवाई की तारीख तय कर दी है। इसके साथ ही ईडी को जवाब देने के लिए समय दिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि याचिका उन्हें मंगलवार को ही सौंपी गई थी और अपना पक्ष रिकॉर्ड पर लाने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया जाना चाहिए। आप नेता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने आरोप लगाया कि जवाब दाखिल करने का अनुरोध देरी की रणनीति है। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ क्या है मामला? प्रवर्तन निदेशालय ने उत्पाद शुल्क नीति मामले से संबंधित आरोपपत्रों में कई बार उनके नाम का उल्लेख होने के बाद 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक पर शराब व्यापारियों से लाभ के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। ईडी ने उन पर अब रद्द की गई नीति में किंगपिन और मुख्य साजिशकर्ता होने का भी आरोप लगाया है। एजेंसी ने इस मामले के संबंध में मनीष सिसौदिया और संजय सिंह सहित कम से कम 14 शीर्ष आप नेताओं को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और संघीय एजेंसी ने अपराध की आय के लाभार्थी के रूप में आप की जांच करने की अनुमति के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अपनी ओर से केजरीवाल ने आरोपों से इनकार किया है और भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए

## भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की सातवीं सूची, अमरावती से नवनीत राणा तो चित्रदुर्ग से गोविंद करजोल को टिकट




संवाददाता।

लखनऊ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने सातवीं लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में दो उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। इसमें महाराष्ट्र की अमरावती सीट से भाजपा ने नवनीत राणा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वे वर्तमान में इसी सीट से सांसद हैं। वहीं, कर्नाटक की चित्रदुर्ग सीट से भाजपा ने गोविंद करजोल को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने जिन दो सीटों पर अपने उम्मीदवारों का एलान किया है, वे सुरक्षित सीटें हैं। वोटों से चुनाव जीती थीं। पांच बार विधायक रहे हैं गोविंद करजोल गोविंद मुक्तप्पा करजोल अगस्त 2021 से मई 2023 तक कर्नाटक सरकार में प्रमुख और मध्यम सिंचाई, जल संसाधन मंत्री रह चुके हैं। वह मुधोल विधानसभा से पांच बार विधायक रहे हैं। करजोल 2018 से 2019 तक कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के उप नेता भी थे।

## नेताओं का एक-एक कर पार्टी में शामिल होना, शहरी इलाकों में आधार, ग्रामीण क्षेत्र में आस, पंजाब में अकेले लड़ कर अपनी ताकत को टेस्ट करना चाहती है बीजेपी

एजेंसी।

नई दिल्ली भाजपा का मानना है कि तब से स्थिति बदल गई है, खासकर बड़े नाम वाले कुछ चेहरों के आने से जिनमें मंगलवार को मौजूदा सांसद रवनीत सिंह बिट्टू (लुधियाना) और बुधवार को एकमात्र आप सांसद सुशील कुमार रिंकू (जालंधर) शामिल हैं। एक समय देश के सबसे लंबे समय तक चलने वाले राजनीतिक सहयोगियों में से एक भाजपा और अकाली दल के लोकसभा चुनावों से पहले फिर से एकजुट होने के प्रयासों को उस वक्त झटका लगा जब एनडीए के पुराने पार्टनर अकाली दल ने समझौते से इनकार



कर दिया। इसके बाद बीजेपी ने राज्य की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। यह घोषणा कि भाजपा अकेले चुनाव लड़ेगी, उसके प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने की थी, जो अकाली दल के साथ गठबंधन के सबसे मजबूत समर्थकों में से एक थे। घोषणा से पहले के दिनों में पूर्व कांग्रेस नेता जाखड़ ने कहा मेरा दृढ़ विश्वास है कि क्षेत्रीय दलों को मजबूत किया जाना चाहिए क्योंकि वे लोगों की आवाज हैं। अल्पसंख्यक समुदाय का टैग अक्सर सिख समुदाय पर लगाया जाता है और मुझे लगता है कि उनकी आवाज उठाने के लिए एक पार्टी होनी चाहिए। कहा जाता है कि अकाली दल के हिस्से में 8 सीटें दी गईं थी। बीजेपी ने भी 5 सीटों पर चुनाव लड़ने की सहमति दे दी थी। मगर अचानक अकाली दल ने अंतिम समय में पैर पीछे कर लिए। यह पहला लोकसभा चुनाव होगा जहां अकाली दल और बीजेपी अलग–अलग चुनाव लड़ेंगे। 2019 में उनके गठबंधन ने चार सीटें जीती थीं, जब भाजपा ने उसे सौंपी गई तीन सीटों में से दो सीटें जीती थीं और अकाली दल ने अपनी झोली में पड़ी 10 सीटों में से इतनी ही सीटें जीती थीं। एक साल से कुछ अधिक समय बाद, अकाली दल विवादास्पद कृषि कानूनों को लेकर एनडीए से बाहर हो गया, जिसके चलते दिल्ली की सीमाओं पर साल भर विरोध प्रदर्शन चला। 2019 तक अपने गठबंधन के तहत, अकाली दल पंजाब की 13 सीटों में से 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगा, जबकि भाजपा गुरदासपुर, होशियारपुर और अमृतसर में अपने उम्मीदवार उतारेगी। 2019 में भाजपा ने गुरदासपुर और होशियारपुर जीताय जहां अभिनेता सनी देओल गुरदासपुर से विजयी रहे, वहीं भाजपा के दूसरे विजेता सांसद सोमप्रकाश को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री बनाया गया। तीसरी सीट जिस पर भाजपा ने चुनाव लड़ा, लेकिन हार गई, वह अमृतसर थी। लेकिन बीजेपी ने वहां से अपने हारे हुए उम्मीदवार हरदीप पुरी को राज्यसभा भेजा और उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया। 2022 विधानसभा चुनाव में 6.6: हो गया वोट प्रतिशत अकाली दल के जो दो उम्मीदवार जीते, वे इसके अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल (फिरोजपुर) और उनकी पत्नी हरसिमरत कौर बादल (बठिंडा) थे। भाजपा द्वारा पंजाब को दिए गए महत्व को रेखांकित करते हुए हरसिमरत को केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी शामिल किया गया। भाजपा के राज्य महासचिव अनिल सरीन ने कहा कि पार्टी अकेले चुनाव लड़ने को लेकर बिल्कुल भी आशंकित नहीं है। हमारा कैडर कह रहा है कि हम इसमें सक्षम हैं। हम बूथ, मंडल और जिला स्तर पर तैयारी के साथ तैयार हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों के नतीजे, जो भाजपा और अकाली दल द्वारा अलग–अलग लड़े गए पहले चुनाव थे। उस चुनाव में आप ने जीत हासिल की थी। सुखदेव सिंह ढींडसा की शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) और अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस के साथ गठबंधन में भाजपा ने केवल पठानकोट सीट जीती थी। भाजपा ने 73 सीटों पर चुनाव लड़ा, जो उनके गठबंधन के हिस्से के रूप में लड़ी जाने वाली 23 सीटों से कहीं अधिक है, लेकिन उसका वोट शेयर 2017 के विधानसभा चुनावों से थोड़ा ही बढ़ा – 5.39: से बढ़कर 6.6: हो गया।

## मथुरा में सीएम योगी ने 'प्रबुद्धजन, से किया संवाद

### कृष्ण नगरी से किया सीएम योगी ने चुनाव प्रचार का आगाज

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) । सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार दोपहर करीब एक बजे गोवर्धन चौराह स्थित मंगलम ग्रीन रिसोर्ट पहुंचे। इससे पहले उन्हों मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर दर्शन किये। प्रबुद्ध सम्मेलन में चिकत्सक, सीए, टीचर्स, उद्यमियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि मथुरा के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। काशी और अयोध्या की तर्ज पर मथुरा को सुंदर बनाने का संकल्प पूरा होगा। यमुना शुद्धिकरण अभियान के तहत तेजी से काम चल रहा है। अगले पांच वर्ष में बृज चौरासी कोस परिक्रमा की नई तस्वीर दिखाई देगी। इस चुनावी समर में दो खेमे साफ नजर आ रहे हैं। एक पार्टी के लिए फैमिली फर्स्ट है, तो मोदी के लिए नेशन फर्स्ट है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 26 मिनट प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस पार्टी रही। फैमिली फर्स्ट वालों के राज में भ्रष्टाचार माफिया राज और पुष्टिकरण की राजनीति होती थी। नरेंद्र मोदी के राज में, रामराज, सबका साथ सबका विकास, माफिया राज की समाप्ति के कार्य होते हैं। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होली मनाने के लिए मथुरा नहीं पहुंचे थे। वह लगातार कई वर्षों से होली के अवसर पर मथुरा आते रहे हैं। ब्रज के विश्व प्रसिद्ध हुरंगा के ठीक दूसरे दिन मुख्यमंत्री का मथुरा आगमन हुआ। यहां उन्होंने प्रबुद्धजन सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्र के प्रोफेशनल्स के साथ संवाद किया। भाजपाइयों की तरफ से कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी के साथ यूपी में मथुरा से लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। प्रबुद्ध सम्मेलन का संचालन लोकसभा चुनाव संयोजक देवेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर सांसद हेमा मालिनी, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, लोकसभा प्रभारी अशोक कटारिया, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक राजेश चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, महानगर अध्यक्ष घनश्याम चौधरी, एमएलसी जगदीश नौहवार, पूर्व रविकांत गर्ग, प्रदीप गोस्वामी, श्याम शर्मा, विजय शर्मा आदि मौजूद थे।

### इन प्रबुद्धजन ने किया स्वागत

एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत मथुरा के टोंटी उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज वशिष्ठ, होटल उद्योग की तरफ से श्याम सिंघल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन गोपाल सिंह, आइएमए से डॉ पवन अग्रवाल, रामलीला सभा के जयंती प्रसाद अग्रवाल, उद्योगपति प्रमोद कसेरे एवं साड़ी उद्योग के अतुल अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।




## कांग्रेस–उद्धव सेना की जुबानी जंग से नाराज शरद पवार, इन सीटों पर उतार सकते हैं अपने उम्मीदवार!

एजेंसी।

नई दिल्ली एनसीपी की पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक में शरद पवार ने इस मुद्दे पर भी चर्चा की है। बैठक में शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) को गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। बिना एक दूसरे से बातचीत किए इस तरह से सीटों का ऐलान नहीं करना चाहिए था। लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में ठाकरे समूह ने 17 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा ने महाराष्ट्र के सियासी पारे को बढ़ा दिया है। वहीं वंचित बहुजन अघाड़ी ने भी कुछ उम्मीदवारों की घोषणा की है। हालांकि इसके बाद ऐसा लग रहा है कि महाविकास अघाड़ी की कलह खुलकर सामने आने लगी है। इस सूची पर कांग्रेस ने कड़ी नाराजगी जताई है। ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने नाराजगी जताते हुए कांग्रेस को फटकार लगाई है। अब उद्धव गुट और कांग्रेस के नेताओं की जुबानी जंग के बीच शरद पवार नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार एनसीपी की पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक में शरद पवार ने इस मुद्दे पर भी चर्चा की है। बैठक में शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) को गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। बिना एक दूसरे से बातचीत किए इस तरह से सीटों का ऐलान नहीं करना चाहिए था। शरद पवार की पार्टी इन सीटों पर लड़ सकती है चुनावभिवंडी बारामती शिरूर सातारा अहमदनगरवर्धादिंडोरी रावेर माढा बीड इसे भी पढ़ेंरू ब्वदहतमे से अलग उद्धव ने घोषित किए 17 कैंडिडट, संजय निरुपम ने बताया शखिचड़ी चोर महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) दलों के



बीच दरार बुधवार को तब खुलकर सामने आ गई जब कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने मुंबई की चार सीटों के लिए समय से पहले लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) पर तीखा हमला बोला। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए निरुपम ने कहा कि मुंबई उत्तर–पश्चिम सीट के लिए अमोल कीर्तिकर की उम्मीदवारी की घोषणा गठबंधन धर्म का उल्लंघन और उन्होंने शिव सेना (यूबीटी) नेता को खिचड़ी चोर कहा। ि

## सुनीता केजरीवाल बोलीं- छापे में न पैसा मिला, न सबूतय सीएम 28 मार्च को कोर्ट में करेंगे खुलासा

एजेंसी। दिल्ली–दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उन्होंने शराब घोटाले को लेकर कहा कि 28 मार्च को बड़ा खुलासा होने जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मुख्यमंत्री को आपकी चिंता है। उन्होंने शराब घोटाले पर कहा कि 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल कोर्ट में खुलासा करेंगे। 28 मार्च को सीएम कोर्ट में करेंगे खुलासा आगे कहा कि अरविंद जी ने मुझे एक बात और कही, इस शो कॉल्ड शराब घोटाले में दो साल में कई जगह रेड मारी। लेकिन एक भी पैसा नहीं मिला। सिसौदिया जी के यहां, संजय जी के यहां रेड मारी, हमारे यहां रेड मारी लेकिन उन्हें एक भी पैसा नहीं है। मेरा शरीर जेल में है लेकिन मेरी आत्मा आप लोगों के बीच है।

## कंगना और ममता पर विवादित बोल, सुप्रिया श्रीनेत, दिलीप घोष को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

एजेंसी।

नई दिल्ली बीजेपी ने कंगना रनौत के खिलाफ सोशल मीडया पोस्ट तो वहीं टीएमसी ने दिलीप घोष के ममता बनर्जी को लेकर दिए बयान पर चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी।चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और बीजेपी के दिलीप घोष को महिलाओं के सम्मान और गरिमा के खिलाफ अपमानजनक, आक्रामक और अपमानजनक टिप्पणीष के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीजेपी ने कंगना रनौत के खिलाफ सोशल मीडया पोस्ट तो वहीं टीएमसी ने दिलीप घोष के ममता बनर्जी को लेकर दिए बयान पर चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। बीजेपी ने दर्ज कराई थी शिकायतभारतीय



जनता पार्टी (भाजपा) की हिमाचल प्रदेश इकाई ने मंडी लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ अपने सोशल मीडिया हैंडल से कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर की शिकायत राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से की और दोनों नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। भाजपा की शिकायत में कहा गया है कि कांग्रेस नेताओं ने उसके लोकसभा उम्मीदवार रनौत को नीचा दिखाने के लिए सोशल मीडिया का दुरुपयोग किया है। टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चुनाव आयोग भाजपा नेता दिलीप घोष के खिलाफ टीएमसी ने शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर दिए गए अपने विवादास्पद बयान पर खेद जताया। घोष के मुख्यमंत्री के संबंध में दिए बयान से विवाद खड़ा हो गया था और भाजपा ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। घोष को एक कथित वीडियो क्लिप में बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक उड़ाते हुए सुना गया था। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी और अन्य लोगों को उनके शब्दों के चयन पर आपत्ति है। उन्होंने कहा, अगर ऐसा है तो मुझे इसके लिए खेद है।

## अमरोहा से कांग्रेस उम्मीदवार दानिश अली का विरोध, पार्टी मुख्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता।

लखनऊ दानिश अली ने अमरोहा से जीत दर्ज करने के लिए भाजपा के कंवर सिंह तंवर को हराया था। दानिश अली 2019 लोकसभा चुनाव में सपा–बसपा गठबंधन में सांसद बने और अब ये दो चार दिन पहले कांग्रेस में शमिल हुए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय के बाहर इकट्ठा हुए और लोकसभा चुनाव के लिए अमरोहा (उत्तर प्रदेश) से दानिश अली की उम्मीदवारी पर विराध प्रदर्शन किया। निलंबित बसपा सांसद हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए थे। अमरोहा से मौजूदा सांसद अली को ष्पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए बसपा से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने 2019 में अपना पहला लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर अमरोहा से लड़ा था। बसपा में शामिल होने के उनके फैसले को जद (एस) अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा का आशीर्वाद प्राप्त था, जिन्होंने उस समय इसे ष्दोनों पार्टियों के बीच पूरी तरह से राजनीतिक व्यवस्थाष कहा था। दानिश अली ने अमरोहा से जीत दर्ज करने के लिए भाजपा के कंवर सिंह तंवर को हराया था। दानिश अली 2019 लोकसभा चुनाव में सपा–बसपा गठबंधन में सांसद बने और अब ये दो चार दिन पहले कांग्रेस में शमिल हुए हैं। दावा किया जा रहा है कि पार्टी कार्यकर्ता दानिश अली को टिकट देने से नाराज है। कांग्रेस में शामिल होने पर दानिश अली ने कहा था कि आज इस देश में दो विचार हैं, एक जो युवाओं को बांट रहा है और उनकी आवाज को दबा रहा है...दूसरी तरफ, राहुल गांधी की यात्रा ने हर वर्ग के लिए न्याय की बात की. राहुल गांधी के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सामाजिक न्याय की हमारी विचारधारा पर मजबूती से खड़ी है।

# संपादकीय

## हद में रहें ओटीटी प्लेटफार्म

आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लगातार चेतावनियों के बावजूद अश्लील सामग्री दिखाने पर अठारह ओटीटी प्लेटफार्म्स को बैन कर दिया है। यह कदम सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा उठाया गया।

इसके साथ ही उन्नीस वेबसाइट्स, दस एप व 57 सोशल मीडिया हैंडल्स को भी ब्लॉक किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, इन प्लेटफॉर्म्स को रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर अश्लीलता फैलाने के लिए चेतावनी दी गई थी, जिसे लेकर सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अंततरू देश भर में पाबंदी लगा दी। इस कार्रवाई के तहत फेसबुक पर 12, इंस्टाग्राम पर 17, एक्स पर 16 अकाउंट समेत यूटयूब के 12 अकाउंट्स पर भी पाबंदी लगाई गई है।

दुनिया भर की सरकारें अपने यहां समय–समय पर इंटरनेट पर सख्ती करती रहती हैं। चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्किए जैसे देशों में फेसबुक, ट्वीटर तथा यूटयूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर पाबंदियां लगाने के लिए बुरी तरह बदनाम हैं। कुछ समय पहले भी भारत सरकार द्वारा 58 मोबाइल एप्स पर भी पाबंदी लगाई जा चुकी है। यह सच है कि स्क्रीन पर अश्लील कंटेट की बहुतायत है।

सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह ऐसे प्लेटफार्म्स को हिदायत दे। बावजूद इसके यदि वे अपनी स्थिति स्पष्ट करने में असफल होते हैं या चेतावनियों की अनदेखी करते हैं तो उन पर सख्त कार्रवाई करने में संकोच नहीं करना चाहिए, परंतु जैसे कि यह चुनावी वर्ष है, जिसे देखते हुए सरकार पर यह आरोप लगना लाजमी है कि उस पर कीचड़ उछालने वाले कंटेंट या कार्यक्रमों की पहुंच को सीमित रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। इंटरनेट के जमाने में अश्लीलता को रोकना किसी भी सिस्टम के हाथ में नहीं रहा है। यहां सब कुछ खुलेआम नजर आ रहा है। रचनात्मकता पर अंकुश लगाना कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। क्योंकि शील–अश्लील की बारीक रेखा को चिह्नित करना आसान नहीं है।

यह चुनाव स्वयं दर्शकों को करने की पूरी आजादी होनी चाहिए, न कि सरकारों को अंकुश लगाने में जल्दबाजी करनी चाहिए। याद रखना जरूरी है कि गूगल सबसे ज्यादा देखे जाने वाले कंटेंट की प्रतिवर्ष सूची जारी करता है, उसमें पोर्न देखने वाले भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा होती है।

## तेलुगू देशम पार्टी फिर एनडीए में

आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोक सभा के चुनाव भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना पार्टी (जेएसपी) मिलकर लड़ेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लगातार दूसरे दिन बैठक करने के उपरांत तीनों दलों ने संयुक्त बयान जारी करके इस बाबत जानकारी दी। इस प्रकार एनडीए परिवार में दो और दल शामिल हो गए हैं, और तीनों जल्द ही सीट शेयरिंग के तौर–तरीकों को लेकर बातचीत करेंगे। दरअसल, भाजपा दक्षिण भारत में ज्यादा से ज्यादा लोक सभा सीटें जीतने की रणनीति पर गहन मंथन करती रही है।

अपनी इसी रणनीति के तहत उसने आंध्र प्रदेश की एक बड़ी पार्टी तेदेपा और बनिस्बत एक छोटे दल को साथ लेकर बढने का फैसला किया है। वैसे, तेदेपा और भाजपा का रिश्ता कोई नया नहीं हैं, दोनों पार्टियों के बीच रिश्ता काफी पुराना है। तेदेपा राजग 1996 में शामिल हुई थी। अटलबिहारी वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकारों में सफलतापूर्वक काम कर चुकी है।

तेदेपा और भाजपा ने 2014 का लोक सभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ा था जबकि जनसेना पार्टी ने 2014 के आम चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था। जेएसपी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं, और इस पार्टी के राज्य के कुछ पॉकेट्स में प्रभाव माना जाता है। तेदेपा का राजग में शामिल होने को लेकर पहले से कोई संशय नहीं था, और माना जा रहा था कि तेदेपा का राजग में शामिल होने की घोषणा कुछ ही दिनों की बात है।

आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए उसके लिए जरूरी है कि वह राजग का हिस्सा बने ताकि वाईएसआर का मजबूती से मुकाबला कर सके। पता चला है कि तेदेपा लोक सभा की 17 सीटों और विधानसभा की 145 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा और जेएसपी लोक सभा की 8 सीटों और विधानसभा की 30 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं। तेदेपा की कोशिश है कि भाजपा खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशव्यापी लोकप्रियता के सहारे न केवल लोक सभा की अपने हिस्से की सीटें जीत ले, बल्कि विधानसभा में भी अपनी कड़ी प्रतिद्वंद्वी वाईएसआर को शिकस्त देकर राज्य की सत्ता पर काबिज हो जाए। उसे अपनी सरकार के कार्यकाल के प्रदर्शन से कहीं ज्यादा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और दूरदर्शी व जीवंत नेतृत्व पर विश्वास है, जिसके सहारे वह चुनावी वैतरणी पार हो जाना चाहती है। भाजपा के लिए भी दक्षिण के इस प्रमुख राज्य में उसका साथ माकूल है।

## मौसम की मार से त्रस्त जनजीवन

इस जनवरी–फरवरी के 45 दिनों में जिस तरह से कंपकंपाती शीत और पहाड़ों पर बर्फ पडनी चाहिए थी, वह नहीं दिखाई दी। शीतकाल में ही मार्च से शुरू होने वाली गर्मी जैसा महसूस होने लगा था।

14 फरवरी को बसंत पंचमी तक भी पूरी तरह से पतझड़ नहीं हो पाया था क्योंकि उस समय तक शीत लहर के साथ बारिश और बर्फ के अभाव में सूखे पत्ते पूरी तरह से धरती पर नहीं गिर सके और लंबे समय तक पतझड़ वाले पेड़ सूखी पत्तियों को ही ओढ़े रहे क्योंकि नमीयुक्त शीत लहर जब चलती है तो पतझड़ वाले पेड़ों से सूखी पत्तियां झड़कर जमीन पर गिरती हैं। मौसम की इस बेरुखी से चारों तरफ सूखा ही सूखा दिखाई दे रहा है। शीतकाल में हिमालय क्षेत्र में साढ़े 4 हजार से लेकर 10 हजार फीट के बीच में जो बर्फ पडनी चाहिए थी, वह इस बार गायब रही।

पर्वतीय क्षेत्रों और तराई वाले कृषि क्षेत्र में जहां सरसों के पीले–पीले फूल खेतों में लहलहाते दिखाई देते थे वे भी पहले के जैसे नहीं दिखाई दे रहे। गेहूं और मटर की फसल पानी की कमी के कारण पूरी तरह नहीं उग पाई।

ऊंचाई के इलाकों में सेब की फसल भी संकट में पड़ गई है क्योंकि जहां सेब होता है वहां पर शीतकाल में जब बर्फ और बारिश पड़ती है, तभी फसल अच्छी होती है। इस शीतकाल में बारिश की कमी के कारण जंगलों में आग फैलती रही है जो 15 फरवरी के बाद भारी बारिश और बर्फबारी होने पर ही बुझ पाई। बेमौसमी बारिश ने फिर से मौसम परिवर्तन के बड़े संकेत दे दिए हैं क्योंकि इस दौरान मार्च के प्रथम सप्ताह तक बढ़ती ठंड और बारिश के साथ पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी के कहर ने जम्मू, उत्तर प्रदेश, हरियाणा में 12 लोगों की भी जान ले ली है जबकि इस समय किसानों की बोई फसल को तेज बारिश की आवश्यकता नहीं है। लेकिन यहां तो इतनी तेज बारिश हुई कि हिमाचल में हिमस्खलन के कारण चिनाब नदी का बहाव रुका रहा। उत्तराखंड में चारधाम की सड़कों पर वारिश और बर्फवारी का दौर जारी

# एसबीआई ने साबित कर दिया सरकारी तंत्र भय से काम करता है






सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबीआई ने शेयर किया था। सरकारी मशीनरी डंडे के जोर से काम करती है। इसका उदाहरण चुनावी बांड के खुलासे से हो गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने इस मामले को टरकाने के प्रयास किए किन्तु सुप्रीम कोर्ट के सामने दाल नहीं गल सकी। बांड के जरिए चुनावी चंदा देने वाले उद्योगपतियों के नाम और राशि छिपाने के एसबीआई के सारे प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट ने पानी फेर दिया। एसबीआई की मंशा थी कि इस चंदे के मामले का खुलासा जून महीने के बाद किया जाए ताकि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद इस मामले को आने वाली केंद्र सरकार संभाल सके। एसबीआई ने इस बांड खुलासे की अवधि को लंबा खींचने के लिए कई तरह के बहाने बनाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में साफ कह दिया कि यदि निध ारित तारीख तक इसकी जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी गई और चंदे का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबीआई ने शेयर किया था। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 2 लिस्ट जारी किए गए हैं। इसमें कुल 763 पन्ने हैं जिनमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और लोगों के नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के सामने एसबीआई ने घुटने टेक दिए। जिस विवरण को जुटाने के लिए जून माह तक समय मांगा जा रहा था, उसे एसबीआई ने चंद दिनों में ही पूरा कर दिखाया। इससे जाहिर है कि कार्रवाई के भय से सरकारी तंत्र तूफान की गति से काम कर सकता है। सरकारी मशीनरी में लगी जंग तभी हटती है सुप्रीम कोर्ट जैसे आदेशों की पालना करनी होती है।

गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब किसी सरकारी विभाग ने कोर्ट के भय के मारे घोड़े की गति से काम किया है। कोयला घोटाले स्टेटस रिपोर्ट के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो इसका दूसरा बड़ा उदाहरण है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कानून मंत्री और पीएमओ की दखलअंदाजी को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख शब्दों में कहा था कि सीबीआई के कई मास्टर हैं और जांच एजेंसी पिंजड़े में कैद तोते जैसी है। सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब सीबीआई स्वतंत्र ही नहीं है तो वो निष्पक्ष जांच कैसे कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है जबकि सीबीआई एक स्वायत्त संस्था है और उसे अपनी स्वायत्ता बरकरार रखनी चाहिए। सीबीआई को एक तोते की तरह अपने मास्टर की बातें नहीं दोहरानी चाहिए। एसबीआई ने भी सीबीआई की तरह व्यवहार किया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखाने पर विवश होना पड़ा। एसबीआई फिर भी होशियारी दिखा रही है। अदालत ने बैंक से पूछा है कि बॉन्ड नंबरों का खुलासा क्यों नहीं किया। बैंक ने अल्फा न्यूमिरिक नंबर क्यों नहीं बताया। अदालत ने एसबीआई को बॉन्ड नंबर का खुलासा करने का आदेश दिया है। अदालत का आदेश है कि सील कवर में रखा गया डेटा चुनाव आयोग को दिया जाए, क्योंकि उनको इसे अपलोड करना है। अदालत ने कहा कि बॉन्ड खरीदने और भुनाने की तारीख बतानी चाहिए थी। दरअसल यूनिक आईडी हर एक बॉन्ड का यूनिक नंबर होता है। इसके जरिए आसानी से यह पता लगाया जा सकेगा कि आखिर किस कंपनी या व्यक्ति ने किस पार्टी को चंदा दिया है। चंदा देने वाले और चंदा पाने वालों की सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेगी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि बॉन्ड नंबरों से पता चल सकेगा कि किस दानदाता ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है। केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम शुरु से ही विवादों में घिरी रही है। इस स्कीम के तहत जनवरी 2018 और जनवरी 2024 के बीच 16,518 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए थे और इसमें से ज्यादातर राशि राजनीतिक दलों को चुनावी फंडिंग के तौर पर दी गई थी। इस राशि का सबसे बड़ा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को मिला था। इन बॉन्ड्स पर पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे और ये आरोप लग रहा था कि ये योजना मनी लॉन्डरिंग या काले धन को सफेद करने के लिए इस्तेमाल हो रही थी। इलेक्टोरल बॉन्ड्स की वैधता पर सवाल उठाते हुए एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), कॉमन कॉज और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत पांच याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीआर के संस्थापक और ट्रस्टी प्रोफेसर जगदीप छोकर ने कहा कि यह फैसला काबिल–ए तारीफ है। इसका असर ये होगा कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम बंद हो जाएगी और जो कॉरपोरेट्स की तरफ से राजनीतिक दलों को पैसा दिया जाता था जिसके बारे में आम जनता को कुछ भी पता नहीं होता था, वो बंद हो जाएगा। इस मामले में जो पारदर्शिता इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम ने खघ्त्म की थी वो वापस आ जाएगी। इस मामले से बतौर याचिकाकर्ता जुड़े रहे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी कहते हैं कि ये स्कीम असंवैधानिक थी और लेवल प्लेइंग फील्ड (समान अवसर) को खघ्त्म करती थी। येचुरी ने कहा कि शुरू से ही उनकी और उनकी पार्टी की राय ये थी कि इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक भ्रष्टाचार को वैध बनाने का साधन है। सीताराम येचुरी कहते हैं कि सही तो यही होगा कि पैसा वापस किया जाए क्योंकि ये स्कीम ही असंवैध ाानिक है। लेकिन हम चाहते हैं कि जिन कंपनियों ने ये पैसा राजनीतिक दलों को दान किया ये उन्हें वापस न जाए। ये पैसा सरकारी खाते में जमा होना चाहिए और चुनावों के स्टेट फंडिंग की योजना को शुरू किया जाना चाहिए। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये निर्णय एक बहुत ही प्रामाणिक उद्देश्य के लिए लाया गया था। चुनाव में पारदर्शिता हो फंडिंग में, इसके लिए लाया गया था। चुनाव में कैश का प्रभाव कम हो उसके लिए भी लाया गया था। इस बात को समझना बहुत जरूरी है। हमारे जितने चंदा देने वाले लोग हैं उनकी अपेक्षा थी कि उचित होगा कि हमारे लिए भी एक गोपनीयता रखी जाए। उन्होंने कहा कि कोई सरकार हार गई और उनके विरोधी दूसरी जगह आए तो वो चंदा देने वालों के खिघ्लाफ हो जाते हैं। इसलिए कोई ईमानदारी से बिजनेस कर रहे हैं तो वो अपना काम करें। इलेक्टोरल बॉन्ड खघ्त्म होने से चुनाव की फंडिंग पर बहुत कम फर्क पड़ता है क्योंकि चुनावी फंडिंग का ज्यादातर हिस्सा नकघ्दी में आता है। ये फैसला केवल फंडिंग की पारदर्शिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सत्तारूढ़ दल को धन मिलता रहेगा जबकि विपक्ष के धन का स्रोत कम हो जाएगा। न्यायालय ने बार–बार सरकार के साथ सीधे टकराव से दूर रहने का विकल्प चुना है, खघसकर सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं या अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर। चूंकि ये फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है तो ये बताता है कि न्यायाधीशों ने दृढ़ता से महसूस किया कि बॉन्ड योजना संवैधानिक रूप से अस्थिर थी। सीबीआई की तरह एसबीआई की चुनावी फंड के मामले में हुई किरकिरी से साबित हो गया है कि पिंजरे का तोता सिर्फ एक ही विभाग नहीं है। सरकारी विभाग सत्तारुढ़ दलों की कठपुतलियों की तरह काम करते हैं। सत्ता बदलते ही दूसरे दलों की भाषा बोलने लगते हैं। दरअसल जब तक कामकाज और पारदर्शिता को लेकर कानूनी तौर पर सरकारी मशीनरी की जिम्मेदारी तय नहीं होगी तब तक अदालतों के आदेशों की मार नौकरशाही पर पड़ती रहेगी। सरकारें यदि नाकार सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी तय कर दें तो सरकार और नौकरशाही को ऐसी शर्मिंदगी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# एसबीआई ने साबित कर दिया सरकारी तंत्र भय से काम करता है

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबीआई ने शेयर किया था। सरकारी मशीनरी डंडे के जोर से काम करती है। इसका उदाहरण चुनावी बांड के खुलासे से हो गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने इस मामले को टरकाने के प्रयास किए किन्तु सुप्रीम कोर्ट के सामने दाल नहीं गल सकी। बांड के जरिए चुनावी चंदा देने वाले उद्योगपतियों के नाम और राशि छिपाने के एसबीआई के सारे प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट ने पानी फेर दिया। एसबीआई की मंशा थी कि इस चंदे के मामले का खुलासा जून महीने के बाद किया जाए ताकि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद इस मामले को आने वाली केंद्र सरकार संभाल सके। एसबीआई ने इस बांड खुलासे की अवधि को लंबा खींचने के लिए कई तरह के बहाने बनाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में साफ कह दिया कि यदि निध ारित तारीख तक इसकी जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी गई और चंदे का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबीआई ने शेयर किया था। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 2 लिस्ट जारी किए गए हैं। इसमें कुल 763 पन्ने हैं जिनमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और लोगों के नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के सामने एसबीआई ने घुटने टेक दिए। जिस विवरण को जुटाने के लिए जून माह तक समय मांगा जा रहा था, उसे एसबीआई ने चंद दिनों में ही पूरा कर दिखाया। इससे जाहिर है कि कार्रवाई के भय से सरकारी तंत्र तूफान की गति से काम कर सकता है। सरकारी मशीनरी में लगी जंग तभी हटती है सुप्रीम कोर्ट जैसे आदेशों की पालना करनी होती है।

गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब किसी सरकारी विभाग ने कोर्ट के भय के मारे घोड़े की गति से काम किया है। कोयला घोटाले स्टेटस रिपोर्ट के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो इसका दूसरा बड़ा उदाहरण है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कानून मंत्री और पीएमओ की दखलअंदाजी को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख शब्दों में कहा था कि सीबीआई के कई मास्टर हैं और जांच एजेंसी पिंजड़े में कैद तोते जैसी है। सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब सीबीआई स्वतंत्र ही नहीं है तो वो निष्पक्ष जांच कैसे कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है जबकि सीबीआई एक स्वायत्त संस्था है और उसे अपनी स्वायत्ता बरकरार रखनी चाहिए। सीबीआई को एक तोते की तरह अपने मास्टर की बातें नहीं दोहरानी चाहिए। एसबीआई ने भी सीबीआई की तरह व्यवहार किया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखाने पर विवश होना पड़ा। एसबीआई फिर भी होशियारी दिखा रही है। अदालत ने बैंक से पूछा है कि बॉन्ड नंबरों का खुलासा क्यों नहीं किया। बैंक ने अल्फा न्यूमिरिक नंबर क्यों नहीं बताया। अदालत ने एसबीआई को बॉन्ड नंबर का खुलासा करने का आदेश दिया है। अदालत का आदेश है कि सील कवर में रखा गया डेटा चुनाव आयोग को दिया जाए, क्योंकि उनको इसे अपलोड करना है। अदालत ने कहा कि बॉन्ड खरीदने और भुनाने की तारीख बतानी चाहिए थी। दरअसल यूनिक आईडी हर एक बॉन्ड का यूनिक नंबर होता है। इसके जरिए आसानी से यह पता लगाया जा सकेगा कि आखिर किस कंपनी या व्यक्ति ने किस पार्टी को चंदा दिया है। चंदा देने वाले और चंदा पाने वालों की सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेगी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि बॉन्ड नंबरों से पता चल सकेगा कि किस दानदाता ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है। केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम शुरु से ही विवादों में घिरी रही है। इस स्कीम के तहत जनवरी 2018 और जनवरी 2024 के बीच 16,518 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए थे और इसमें से ज्यादातर राशि राजनीतिक दलों को चुनावी फंडिंग के तौर पर दी गई थी। इस राशि का सबसे बड़ा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को मिला था। इन बॉन्ड्स पर पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे और ये आरोप लग रहा था कि ये योजना मनी लॉन्डरिंग या काले धन को सफेद करने के लिए इस्तेमाल हो रही थी। इलेक्टोरल बॉन्ड्स की वैधता पर सवाल उठाते हुए एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), कॉमन कॉज और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत पांच याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीआर के संस्थापक और ट्रस्टी प्रोफेसर जगदीप छोकर ने कहा कि यह फैसला काबिल–ए तारीफ है। इसका असर ये होगा कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम बंद हो जाएगी और जो कॉरपोरेट्स की तरफ से राजनीतिक दलों को पैसा दिया जाता था जिसके बारे में आम जनता को कुछ भी पता नहीं होता था, वो बंद हो जाएगा। इस मामले में जो पारदर्शिता इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम ने खघ्त्म की थी वो वापस आ जाएगी। इस मामले से बतौर याचिकाकर्ता जुड़े रहे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी कहते हैं कि ये स्कीम असंवैधानिक थी और लेवल प्लेइंग फील्ड (समान अवसर) को खघ्त्म करती थी। येचुरी ने कहा कि शुरू से ही उनकी और उनकी पार्टी की राय ये थी कि इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक भ्रष्टाचार को वैध बनाने का साधन है। सीताराम येचुरी कहते हैं कि सही तो यही होगा कि पैसा वापस किया जाए क्योंकि ये स्कीम ही असंवैध ाानिक है। लेकिन हम चाहते हैं कि जिन कंपनियों ने ये पैसा राजनीतिक दलों को दान किया ये उन्हें वापस न जाए। ये पैसा सरकारी खाते में जमा होना चाहिए और चुनावों के स्टेट फंडिंग की योजना को शुरू किया जाना चाहिए। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये निर्णय एक बहुत ही प्रामाणिक उद्देश्य के लिए लाया गया था। चुनाव में पारदर्शिता हो फंडिंग में, इसके लिए लाया गया था। चुनाव में कैश का प्रभाव कम हो उसके लिए भी लाया गया था। इस बात को समझना बहुत जरूरी है। हमारे जितने चंदा देने वाले लोग हैं उनकी अपेक्षा थी कि उचित होगा कि हमारे लिए भी एक गोपनीयता रखी जाए। उन्होंने कहा कि कोई सरकार हार गई और उनके विरोधी दूसरी जगह आए तो वो चंदा देने वालों के खिघ्लाफ हो जाते हैं। इसलिए कोई ईमानदारी से बिजनेस कर रहे हैं तो वो अपना काम करें। इलेक्टोरल बॉन्ड खघ्त्म होने से चुनाव की फंडिंग पर बहुत कम फर्क पड़ता है क्योंकि चुनावी फंडिंग का ज्यादातर हिस्सा नकघ्दी में आता है। ये फैसला केवल फंडिंग की पारदर्शिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सत्तारूढ़ दल को धन मिलता रहेगा जबकि विपक्ष के धन का स्रोत कम हो जाएगा। न्यायालय ने बार–बार सरकार के साथ सीधे टकराव से दूर रहने का विकल्प चुना है, खघसकर सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं या अन्य महत्वपूर्ण

## आज का राशिफल

मेष राशि– माता–पिता की मदद मिलने से काम पूरा होगा। आपको सेहत का ध्यान रखना चाहिए। उधार के लेन देन से बचे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में संतुलन रखें। नकारात्मक विचारों से दूरी बनाएं। दोस्तों के साथ घूमने की प्लानिंग करेंगे।
शुभ रंग– सिल्वर
शुभ अंक– 1

वृष राशि– परिवार वालों की सलाह आपके लिए लाभकारी होगी। खास दोस्त मदद मांगेगा। भौतिक सुख–सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। कुछ नया कर सकते हैं। दिनचर्या में बदलाव करने पड़ेंगे। रोजगार के उचित मौके मिलेंगे पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।
शुभ रंग– पीला
शुभ अंक– 8

मिथुन राशि– ऑफिस में आपकी ड्रेस की तारीफ होगी। किसी विषय की समस्या सुलझ जाएगीय। दांपत्य जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। समाज में आपके कामों की चर्चा होगी। व्यापार के क्षेत्र में दूसरों से संपर्क करना बेहतर होगा। खास मामले में सोच बदल सकती है। जीवन में खुशियां ही खुशियां आएंगी।
शुभ रंग– नीला
शुभ अंक– 6

कर्क राशि– आज कोई शुभ समाचार मिलने के योग हैं किसी की मदद करने का भाव आएगा। आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आएगी। खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। समाज में मान–सम्मान मिलेगा। छात्रों को पढ़ाई में कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।
शुभ रंग– ग्रे
शुभ अंक– 2

सिंह राशि– रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। अधूरे काम पूरे होंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करें। जरूरी काम में हुई यात्रा सफल होगी। छात्रों को पढ़ाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। सेहत के लिहाज से दिन बेहतर है।
शुभ रंग– लाल
शुभ अंक– 8

कन्या राशि– आज संतान सुख की प्राप्ति हो सकती है। सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे। दूसरों के काम में दखल ना दें। अधिकारी वर्ग से बातचीत सावधानी से करें। दोस्तों संग पिकनिक की योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी।
शुभ रंग– पिच
शुभ अंक– 7

तुला राशि– अपने भविष्य के बारे में सोच विचार करेंगे। परिजनों संग रिश्ते बेहतर होंगे। आमदनी में बढ़ोतरी की सम्भावना है।घर पर कुछ दोस्त आ सकते हैं। लवमेट्स के लिए दिन बेहतर है। संतान की सफलता से प्रसन्नता होगी।
शुभ रंग– नारंगी
शुभ अंक– 5

वृश्चिक राशि– आपकी मुलाकात मित्र से होगी जो कि लाभदायक रहेगी। काम के लिए बड़ा फैसला लेने में सफल होंगे। बच्चे पढ़ाई में मन लगाएंगे। जीवनसाथी के साथ लंच का प्रोग्राम बनेगा। जरूरतमंद की सहायता करेंगे।
शुभ रंग– हरा
शुभ अंक– 6

धनु राशि– आज आपके रुके काम पूरे होंगे। बच्चों के फैसले पर असहमत हो सकते हैं। घर में मांगलिक काम का आयोजन होगा। घर में खुशहाली आएगी। बड़े भाई की मदद से सब ठीक होगा। धन लाभ के अवसर मिलेंगे।
शुभ रंग– गोल्डन
शुभ अंक– 4

मकर राशि– रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल पर वाद–विवाद हो सकता है। किसी से ना उलझें। परिवार वालों के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। मंदिर जाने की योजना बनाएंगे। नया काम सीखने को मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा।
शुभ रंग– गुलाबी
शुभ अंक– 9

कुंभ राशि– आज आप नये काम की प्लानिंग करेंगे जो सफल होगी। परिजनों संग खुशनुमा पल बिताएंगे।

# पंजाब को हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली जीत का स्वाद चखा, कोहली–कार्तिक ने खेली तूफानी पारी

सोमवार को बेंगलुरु के चेन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को आरसीबी के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब ने टॉस गवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। जिसके जवाब में आरसीबी ने 19.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 178 रन बनाए। आरसीबी का आईपीएल 2024 में जीत का खाता खुल गया है। सोमवार को बेंगलुरु के चेन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को आरसीबी के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब ने टॉस गवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निध ार्रित ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। जिसके जवाब में आरसीबी ने 19.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 178 रन बनाए। इस मुकाबले में विराट कोहली और दिनेश कार्तिक ने तूफानी बल्लेबाजी की। कहोली ने 49 गेंदों में 11 चौकों और 2 छक्कों के दम पर 77 रन की पारी खेली। वहीं



कार्तिक ने 10 गेंदों में नाबाद 28 रन बनाए। उन्होंने तीन चौके और 2 छक्के भी लगाए। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब आरसीबी मुश्किल में फंसती नजर आई। उस समय दिनेश कार्तिक टीम के संकटमोचन बने और महिपाल लोमरोर (8 गेंदों में 17 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 48 रन की पार्टनरशिप पूरी की। आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान फाफ महज तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कोहली ने तीसरे विकेट केलिए रजत पाटीदार (18) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। कैमरून ग्रीन (3) और ग्लेन मैक्सवेल (3) एक बार फिर फेल हुए। कोहली 16वें ओवर में हर्षल पटेल का शिकार बन गए। इसके बाद अनुज रावत (11) भी बड़ी पारी खेलने में नाकामयाब रहे। वहीं पंजाब किंग्स की तरफ से हरप्रीत बराड़ और कगिसो रबाडा ने दो–दो विकेट चटकाए। सैम करन ने एक ही विकेट झटका। वहीं पंजाब कि बात करें तो, शिखर धवन ने पंजाब के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 37 गेंदों में 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 45 रन बटोरे। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन की पार्टरनशिप की। जॉनी बेयरस्टो का बल्ला एक बार फिर शांत रहा। लियाम लिविंग्स्टोन ने भी 17 रन का योगदान दिया। जितेश शर्मा 27 रन और सैम करन 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शशांक सिंह 21 और हरप्रीत बराड़ 2 रन बाकर नाबाद रहे। आरसबी के लिए मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो–दो जबकि यश दयाल और अल्जारी जोसेफ ने एक–एक विकेट हासिल किया।

# आईपीएल 2024 किंग कोहली की पारी से आरसीबी ने पंजाब किंग को हराया



पंजाब की शुरूआत खराब रही और जॉनी बेयरस्टो जल्दी आउट हो गए। पिछले साल विश्व कप से यहां चला आ रहा उनका खराब फॉर्म जारी रहा। सिराज की गेंद पर खराब शॉट खेलकर वह कवर्स में विराट कोहली को कैच दे बैठे। विराट कोहली के आक्रामक अर्धशतक की मदद से रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर ने होली के दिन अपने घरेलू मैदान पर जीत के रंग बिखेरते हुए पंजाब किंग्स को आईपीएल के रोमांचक मैच में सोमवार को चार विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 177 रन का लक्ष्य आरसीबी ने चार गेंद बाकी रहते हासिल किया। कोहली ने 49 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाये। आरसीबी को आखिरी 24 गेंद में 47 रन की जरूरत थी जब दिनेश कार्तिक ने दस गेंद में नाबाद 28 और 'इंपैक्ट प्लेयर' महिपाल लोमरोर ने आठ गेंद में नाबाद 17 रन बनाये। कार्तिक ने फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाते हुए हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह को छक्के जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। कोहली को अपनी पारी की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और उसके बाद 33 के स्कोर पर भी वह बाल बाल बचे। दोनों बाद गेंदबाज सैम कुरेन थे। पहले ओवर में कैच छूटने के बाद उन्होंने कुरेन को तीन और चौके जड़कर 16 रन निकाले। उन्होंने कैगिसो रबाडा को चौका और लेग स्पिनर राहुल चाहर को भी छक्का लगाया। आरसीबी के दूसरे बल्लेबाजों को जहां रबाडा और स्पिनर हरप्रीत बरार ने परेशान किया , वहीं कोहली ने खुलकर शॉट लगाये। बरार ने चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर दो विकेट लिये। कोहली को हर्षल पटेल ने थर्डमैन पर बरार के हाथों लपकवाया। इससे पहले कप्तान शिखर धवन और जितेश शर्मा की उपयोगी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की उछाल लेती पिच पर छह विकेट पर 176 रन बनाये। धवन ने 37 गेंद में 45 रन बनाये जबकि जितेश ने 20 गेंद में 27 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंद में 25 रन बनाये। आरसीबी ने हरी भरी पिच पर टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। आरसीबी के लिये मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट लिये। पंजाब की शुरूआत खराब रही और जॉनी बेयरस्टो जल्दी आउट हो गए। पिछले साल विश्व कप से यहां चला आ रहा उनका खराब फॉर्म जारी रहा। सिराज की गेंद पर खराब शॉट खेलकर वह कवर्स में विराट कोहली को कैच दे बैठे। पहला विकेट 17 रन पर गंवाने के बाद धवन और प्रभसिमरन ने 38 गेंद में 55 रन जोड़े। धवन काफी सहज होकर खेलते नजर आये और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। उन्होंने बायें हाथ के स्पिनर मयंक डागर की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। प्रभसिमरन ने कैमरन ग्रीन को मिडविकेट पर फ्लिक शॉट खेलकर छक्का लगाया। खतरनाक होती इस साझेदारी को मैक्सवेल ने तोड़ा जब प्रभसिमरन उन्हें पूल शॉट खेलने आगे निकले और अनुज रावत ने विकेट के पीछे उनका कैच लपक लिया। रावत ने 12वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का भी कैच लपका और इस बार गेंदबाज अलजारी जोसेफ थे। अगली गेंद पर पंजाब को सबसे बड़ा झटका धवन के विकेट के रूप में मिला। वह मैक्सवेल को ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में लांग आन पर कोहली को कैच दे बैठे। पंजाब का स्कोर इस समय 12 . 1 ओवर में चार विकेट पर 98 रन था। इसके बाद जितेश ने डागर को लगातार दो छक्के लगाये। उन्होंने सैम कुरेन के साथ पांचवें विकेट के लिये 34 गेंद में 52 रन जोड़कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। शशांक सिंह ने जोसेफ के आखिरी ओवर में 20 रन निकाले।

# हार्दिक पंड्या के खिलाफ हूटिंग देखकर केविन पीटरसन ने कसा तंज, जानें क्या कहा ?

हार्दिक पंड्या जब गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2024 के 5वें मुकाबले के लिए नरेंद्र मोदी स्टेडियम में उतरे तो हार्दिक पंड्या बोलने लगे तो भी फैंस ने उनके खिलाफ जमकर हूटिंग की। भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ भारत में है। बता दें कि, मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 में कप्तानी की जिम्मेदारी रोहित शर्मा से छीनकर हार्दिक पंड्या



फैंस ने उनका स्वागत हूटिंग के साथ किया। इस दौरान फैंस रोहित–रोहित के नारे भी लगाते नजर आए। यहां तक कि टॉ जीतने के बाद जब हार्दिक पंड्या बोलने लगे तो भी फैंस ने उनके खिलाफ जमकर हूटिंग की।मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पंड्या जब गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2024 के 5वें मुकाबले के लिए नरेंद्र मोदी स्टेडियम में उतरे तो फैंस ने उनका स्वागत हूटिंग के साथ किया। इस दौरान फैंस रोहित–रोहित के नारे भी लगाते नजर आए। यहां तक कि टॉ जीतने के बाद जब हुई ऐसी हूटिंग देखने के बाद इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन भी हैरान थे। उन्होंने कहा कि ये एक दुर्लभ घटना को सौंपी गई है। फैंस एमआई मैनेजमेंट के इस फैसले से खुश नहीं हैं, जिस वजह से हार्दिक पंड्या को अपने लोकल ग्राउंड पर ही हूटिंग का सामना करना पड़ा है। केविन पीटरसन ने ळज अे ड़ मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा कि, आखिरी बार कब किसी भारतीय क्रिकेटर को भारत में अपमानित किया गया था? मैंने कभी किसी भारतीय खिलाड़ी को इस तरह से अपमानित होते नहीं देखा जैसा फैंस यहां अहमदाबाद में हार्दिक पंड्या के खिलाफ जमकर हूटिंग कर रहे हैं। ये दुलर्भ घटना है। उन्होंने आगे कहा कि, वह कप्तान है। ज भी वह फील्डिंग के लिए दौड़ रहा है या गेंद के लिए जा रहा है। तो दर्शक उसके खिलाफ जमकर हूटिंग कर रहे हैं। मैंने भारत में ऐसा पहले किसी खिलाड़ी के साथ होते नहीं देखा है। पीटरसन ने जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर तेज गेंदबाज के होते हुए भी हार्दिक पंड्या द्वारा पहला ओवर फेंके जाने पर सवाल उठाया।

# 8 अप्रैल से खेले जाएंगे आगे के मैच, नाकआउट मैच अहमदाबाद और चेन्नई में होंगे



पहला क्वॉलीफायर जीतने वाली टीम सीधा फाइनल में पहुंचेगी, हारने वाली टीम को फाइनल में जगह बनाने का ये और मौका मिलेगा। एलिमिनेटर मैच गंवाने वाली टीम आईपीएल से बाहर होगी, जीतने वाली टीम, दूसरे क्वॉलिफायर मुकाबले में पहले क्वॉलिफायर में हारने वाली टीम से भिड़ेगी। दूसरा क्वॉलिफायर मैच 24 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेला जाएगा।

आईपीएल 2024 का शेड्यूल इस बार दो चरणों में जारी किया जा रहा है। पहले चरण की शुरुआत 22 मार्च से हो चुकी है। इसके तहत 7 अप्रैल तक इन मैचों का शेड्यूल आया और अब बाकी बचे हुए मैचों का शेड्यूल आज जारी किया जाना है। लोकसभा चुनाव के चलते आईपीएल 2024 शेड्यूल दो चरणों में जारी किया जा रहा है। क्रिकबज की खबर के अनुसार आईपीएल 2024 के सभी मैच भारत में खेले जाएंगे। 21 मैचों का शेड्यूल जा चुका है जबकि 74 मैचों का शेड्यूल अभी आना बाकी है। प्लेऑफ मैच चेन्नई और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। आईपीएल 2024 का पहला क्वॉलिफायर और एलिमिनेटर मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। जबकि दूसरा क्वॉलिफायर और फाइनल मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जाएगा। क्रिकबज की खबर के अनुसार, बीसीसीआई दूसरे चरण का शेड्यूल जो आज जारी करेगा। उसके हिसाब से बीच में कोई ब्रेक नहीं होगा और 8 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला जाएगा। ये मैच चेन्नई में ही खेला जाएगा और डे–नाइट ही होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह पहले ही साफ कर चुके थे कि आईपीएल के मैच भारत में ही खेले जाएंगे। आईपीएल 2024 के कुछ मैच ध र्मशाला में भी खेले जा सकते हैं। 21 मई को पहला प्लेऑफ मैच खेला जाएगा। जो नंबर–1 और नंबर–2 टीम के बीच होगा। ये मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद एलिमिनेटर मैच होगा, जिसमें नंबर 3 और नंबर–4 की टीमें आपस में भिड़ेंगी। ये मैच भी नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ही खेला जाएगा। पहला क्वॉलीफायर जीतने वाली टीम सीधा फाइनल में पहुंचेगी, हारने वाली टीम को फाइनल में जगह बनाने का ये और मौका मिलेगा। एलिमिनेटर मैच गंवाने वाली टीम आईपीएल से बाहर होगी, जीतने वाली टीम, दूसरे क्वॉलिफायर मुकाबले में पहले क्वॉलिफायर में हारने वाली टीम से भिड़ेगी। दूसरा क्वॉलिफायर मैच 24 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेला जाएगा। इसके बाद 26 मई को चेन्नई में ही फाइनल मैच खेला जाएगा।

# फैंस का इतंजार खत्म, आईपीएल के बाकी बचे मैचों के शेड्यूल का ऐलान, कब और कहां खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

2024 के फुल शेड्यूल का ऐलान आखिरकार हो ही गया। बीसीसीआई ने सोमवार को 17वें सीजन के बचे हुए शेड्यूल की घोषणा कर दी है। फाइनल मुकाबला 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल के अलावा चेन्नई में क्वॉलिफायर–2 भी होगा। वहीं क्वॉलिफायर–1 और एलिमिनेटर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा।आईपीएल 2024 के फुल शेड्यूल का ऐलान आखिरकार हो ही गया। बीसीसीआई ने सोमवार को 17वें सीजन के बचे हुए शेड्यूल की घोषणा कर दी है। फाइनल मुकाबला 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल के अलावा चेन्नई में क्वॉलिफायर–2 भी होगा। वहीं क्वॉलिफायर–1 और एलिमिनेटर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा। बता दें कि, मौजूदा सीजन का आगाज 22 मार्च को हुआ था। बीसीसीआी ने देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुरुआत में केवल सात अप्रैल तक के 21 मैचों का कार्यक्रम जारी किया था। टूर्नामेंट में 66 दिनों में कुल 74 मैच होने हैं। हाल ही में चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ। जिसके बाद बचे हुए शेड्यूल को उसी हिसाब से तैयार किया गया। लोकसभा चुनाव सात चरणों में होंगे।

# होली पर रसायन युक्तरंगों के इस्तेमाल से होते हैं ये नुकसान, जानें बचाव के तरीके

पहले के समय में फूलों या इनसे बने रंगों से होली मनाई जाती थी, लेकिन अब धड़ल्ले से रासायनिक रंगों का इस्तेमाल किया जाता है।आमतौर पर होली के रंगों में लेड ऑक्साइड, क्रोमियम आयोडाइड, कॉपर, सल्फेट, सीसा और एल्युमीनियम ब्रोमाइड जैसे रसायन होते हैं।ये रसायन गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं, जिस कारण आपको डॉक्टरों और अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।आइए जानते हैं कि रसायन युक्त रंगों से क्या–क्या समस्याएं हो सकती हैं।

त्वचा एलर्जी

रासायनिक रंगों से त्वचा पर चकत्ते, खुजली, जलन और लालिमा जैसी एलर्जी की समस्याएं हो सकती हैं।इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप त्योहार की शुरुआत करने से पहले अपने चेहरे को साफ करके तेल लगाएं।यह न सिर्फ त्वचा को मॉइस्चराइज करेगा, बल्कि इससे त्वचा पर रंगों का किसी तरह का बुरा असर भी नहीं पड़ेगा।लाभ के लिए होली खेलने से 15 मिनट पहले चेहरे पर नारियल, जैतून, सरसों या फिर बादाम का तेल लगाएं।

आंखों की समस्याएं

रासायनिक रंगों के सीधे संपर्क से आंखों में जलन, लालिमा और अस्थायी अंधापन तक आ सकता है।होली पर आंखों को बचाने का सबसे अच्छा तरीका है कि रंगों से खेलते समय चश्मा पहनें। यह आपकी आंखों को रंगों के सीधे संपर्क से बचाएगा और आपको स्टाइलिश लुक भी मिलेगा।हालांकि, हम चाहे कितनी भी सावधानी क्यों न बरत लें, थोड़ा–बहुत रंग तो आंखों में चला ही जाता है। अगर ऐसा हो तो तुरंत आंखों को पानी से धोएं।

श्वसन संबंधी दिक्कतें

होली समारोह के दौरान रासायनिक रंगों के बारीक कण हवा में फैल जाते हैं, जिससे खांसी, छींक और सांस लेने में कठिनाई जैसी श्वसन समस्याएं



हो सकती हैं और अस्थमा का खतरा भी बढ़ सकता है।खासतौर से गर्भवती महिलाओं को श्वसन संबंधी संवेदनशीलता में वृद्धि का अनुभव हो सकता है।इससे बचाव के लिए अच्छा है कि आप फूलों से बने रंगों से होली खेलें।यहां जानिए घर पर होली के रंग बनाने के तरीके।

विषाक्तता

होली के रासायनिक रंगों में सीसा, पारा, क्रोमियम और अमोनिया जैसे खतरनाक रसायनों का इस्तेमाल भी किया जाता है।अगर आप होली खेलते समय ऐसे रंगों को गलती

# घुटनों का दर्द नहीं हो रहा कम, हड्डियां भी हो गईं कमजोर, तो आज से ही शुरू कर दें इसका सेवन

घुटने के दर्द की समस्या आजकल हर किसी व्यक्ति में देखने को मिल रही है इस समस्या से निजात पाने के लिए आज हम आपको बताएंगे कुछ उपाय के बारे में. घुटने दर्द की समस्या से निजात पाने के लिए लोग दवाई का सेवन करते हैं. लेकिन अब इसकी जरूरत नहीं है क्योंकि हम आपको कुछ आसान उपाय के बारे में बताएंगेघुटने दर्द की दिक्कत अक्सर बुजुर्ग लोगों में होती थी. लेकिन अब यह दिक्कत युवाओं में भी देखी जा रही है. दर्द से निजात पाने के लिए लोग कई उपाय करते हैं. वहीं इन उपायों को करने के बाद भी उन्हें आराम नहीं मिलता है.आप भी घुटनों के दर्द से परेशान हैं, तो ये खबर आपके लिए है. आज हम आपको कुछ उपाय बताएंगे, जिसे कर आप दर्द से निजात पा सकते हैं. घुटनों का दर्द और हड्डियों कीकमजोरी अब एक आम समस्या बन गई है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है.इससे बचने के लिए आइए जानते हैं कुछ उपायो के बारे में. हड्डियों को मजबूत बनाने में हरी पत्तेदार सब्जियों का खास योगदान रहता है. इसके सेवन से हमारे शरीर को कैल्शियम, विटामिन, और कई पोषक तत्व मिलते हैं.इसके अलावा दूध और डेयरी उत्पाद का सेवन कर हम हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं. अगर आप नॉन वेजिटेरियन है तो मछली का सेवन कर सकते हैं. नट्स, बीज और ड्राई फ्रूट्स का सेवन भी घुटनों के दर्द से आराम दिलाएगा. इसके अलावा आप नियमित फलों का सेवन करें इससे हड्डियां मजबूत रहेगी. घुटनों के दर्द से आराम पाने के लिए आप कुछ व्यायाम कर सकते हैं जैसे की साइकिल चलाना घुटनों के लिए एक अच्छा व्यायाम साबित हो सकता है.



